# University in News on 22 May 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## 110 सदस्यों ने ली वैक्सीन की पहली डोज

### लविवि : 45 साल से ऊपर के लोगों के लिए लगा शिविर, 118 ने कराई आरटीपीसीआर जांच

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विवि शिक्षकों, कर्मचारियों, उनके परिवार के लोगों के लिए परिसर में कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिवार के 110 सदस्यों ने वैक्सीन की पहली डोज ली। साथ ही 118 लोगों ने अपना आरटीपीसीआर टेस्ट भी करवाया, जिनमें विश्वविद्यालय में रह रहे सभी अंतरराष्ट्रीय छात्र भी शामिल थे।

कैंप समन्वयक प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि आज का 45 साल से ऊपर के सदस्यों के लिए था। इनकी दूसरी डोज के लिए भी विश्वविद्यालय में ही कैंप लगाया जाएगा। 18 से 45 साल की आयु तक के विश्वविद्यालय के सदस्यों के लिए भी वैक्सीनेशन कैंप लगेगा। वहीं कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने खुद जाकर व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि विवि परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन का और उनका खुद का सबसे बड़ा कर्तव्य है। वैक्सीनेशन अलीगंज स्थित अर्बन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर की 10 सदस्यीय टीम ने किया।





लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को लगे वैक्सीनेशन शिविर में टीका लगवाते विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य।

**HINDUSTAN PAGE 4**

## एलयू में 110 लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार के 110 सदस्यों ने शुक्रवार को कोविड वैक्सीनेशन कराया। मालवीय सभागार में आयोजित शिविर के बारे में कैंप समन्वयक प्रो अमिता कनौजिया ने बताया कि 45 साल से ऊपर के सदस्यों के लिए यह पहला कैंप था और उनके दूसरे डोज के लिए भी विश्वविद्यालय में ही कैंप लगाया जाएगा। 18 साल से 45 साल की आयु तक के विश्वविद्यालय के सदस्यों को भी वैक्सीनेशन करवाने का मौका मिलेगा।

**PIONEER PAGE 3**

## एलयू में 110 शिक्षकों व कर्मियों का हुआ वैक्सिनेशन

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में जनता को कोरोना के कहर से बचाने के लिए चलाए जा रहे वैक्सिनेशन अभियान के तहत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में वैक्सीनेशन अभियान का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार के हर एक सदस्य के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन का और उनके स्वयं का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी कर्तव्य के निर्वाहन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रदेश सरकार के साथ मिलकर यह वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुवात की है। कैंप की समन्वयक प्रो अमिता कनौजिया ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार के कुल 110 सदस्य ने आज वैक्सीनेशन का पहला डोज ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि 45 साल से ऊपर के सदस्यों के लिए यह पहला कैंप था और उनके दूसरे डोज के लिए भी विश्वविद्यालय में ही कैंप लगाया जाएगा। प्रोफेसर कनौजिया ने बताया कि 18 साल से 45 साल की आयु तक के विश्वविद्यालय के सदस्यों को भी वैक्सीनेशन करवाने का मौका मिलेगा और इस विषय में डिस्ट्रिक्ट इम्यूनाइजेशन ऑफिसर के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की बात चल रही है। आज के कैंप में वैक्सीनेशन के साथ.साथ इच्छुक लोगों की आर्टी पीसीआर जांच भी की जा रही थी और 118 लोगों ने आज अपना टेस्ट करवाया। जिनमे विश्वविद्यालय में रह रहे सभी अंतर राष्ट्रीय छात्र शामिल थे।

**DAINIK JAGRAN PAGE 3**

## लविवि में 110 को टीका

कोरोना संक्रमण काल से लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखने के लिए शुक्रवार को वैक्सीनेशन किया गया। पहले चरण में 45 से ऊपर के उम्र वालों को टीका लगाया जा रहा है। समन्वयक प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार के कुल 110 सदस्यों ने वैक्सीन की पहली डोज ली। 45 साल से ऊपर के सदस्यों को दूसरी डोज के लिए भी विश्वविद्यालय में ही शिविर लगेगा। 18 साल से 44 साल की आयु तक के विवि के सदस्यों को भी वैक्सीनेशन करवाने का मौका मिलेगा। इस विषय पर कुलपति संबंधित अधिकारी से बात कर रहे हैं।

**i-NEXT PAGE 2**

## यूनिवर्सिटी कैंपस में लगाई गई वैक्सीन

**LUCKNOW:** एलयू में शुक्रवार को वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया. कैंप के समन्वयक प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि 110 सदस्य ने इस दौरान वैक्सीन की पहली डोज लगवाई. यह कैंप 45 साल से अधिक उम्र के सदस्यों के लिए लगाया गया था. उन्होंने बताया कि जल्द 18 से 45 वर्ष की आयु तक के विश्वविद्यालय के सदस्यों को वैक्सीन लगवाने का मौका मिलेगा. इस दौरान दीवानचंद्र वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, एनएमए संजय शर्मा मौजूद रहे.